नाहर पब्लिक स्कूल सीबीएसई सीनियर सेकेंडरी
शैक्षणिक वर्ष – २०२२ – २३
आवधिक परीक्षा – 4

कक्षा – IX
विषय – हिंदी दिनांक- 19.12.2022
अध्यापिका – श्रीमती अल्मास अंक – 80

---

- इस प्रश्न-पत्र में चार खण्ड है – क, ख, ग, घ
- चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव प्रत्येक खण्ड के क्रमशःउत्तर दीजिए |

खण्ड'क' :अपठित बोध

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-5
पश्चिमी दृष्टिकोण वाले लोग सह-शिक्षा के प्रबल समर्थक हैं।पश्चिमी शिक्षा शास्त्रियों का कहना है, "ठीकहै, हम मानते हैं कि छात्र-छात्राओं में यौन आकर्षण होता है, किन्तु वहकोई बुरी बात नहीं।वह तो एक महानशक्ति है, जिसका सदुपयोग कर छात्र-छात्राओं में स्पर्धा उत्पन्न करके शिक्षा के श्रेष्ठतर परिणाम प्राप्त किए जा कते हैं ।विशेषकर इसलिए कि विद्यार्थी जीवन में स्पर्धा भावना उग्र होतीहै। इसीका उपयोग करके हम परीक्षा प्रतियोगिता, भाषा-प्रतियोगिता, खेलकूद-प्रतियोगिता का आयोजन करते हैं। निस्संदेह प्रतियोगिता के जोश में विद्यार्थी जितनी शानदार सफलताएँ प्राप्त करते हैं, साधारण स्थिति में उससे बहुत कम ही प्राप्त करते हैं।कई बार लड़के-लड़कियों के लिए तथा लड़कियाँ-लड़कों के लिए अधिक सहायक वलाभकारी सिद्ध होती हैं।इस दृष्टि से भी सह शिक्षा लाभकारी है।लड़के और लड़कियों के हृदय में कभी कभी नकारात्मक भावनाएँ भी होती हैं, जो स्वस्थ समाज के लिए हानिका हो सकती हैं।सहशिक्षा से इससे बचा जा सकता हैं।"
(क) सहशिक्षा का समर्थन कौन करते हैं?
(ख) शिक्षा के बेहतर परिणाम कैसे प्राप्त किये जा सकते हैं?
(ग) विद्यार्थी सफलताएँ कब प्राप्त करते हैं?
(घ) स्वस्थ समाज के लिए हानिका रक क्या हो सकता है?
(ङ) 'सहशिक्षा' का क्या अर्थ है?

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों केउत्तरदीजिए-5
एक दिन नारद
गए विष्णुलोक,
बोले भगवान से,
देखा किसान को
दिनभर में तीन बार
नाम उसने लिया है।"
बोले विष्णु-"नारदजी,
आवश्यक दूसरा
एक काम आया है,
तुम्हें छोड़कर कोई
और नहीं कर सकता।
साधारण विषय यह
बाद को विवाद होगा,
तब तक यह आवश्यक कार्य पूरा कीजिए,
तेल पात्र यह
लेकर प्रदक्षिणा कर आइए मंडल की।
ध्यान रहे सविशेष
एक बूंद भी इससे
तेल न गिरने पाए।
(क) नारदजी कहाँ गए थे?
(ख) विष्णुजी ने नारद को क्या काम सौंपा?
(ग) विष्णुजी ने नारदजी को क्या आगाह किया?

3. (क) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए- 2
(i) विज्ञापित (ii) उज्ज्वल
(ख) निम्नलिखित शब्दों में से अनुस्वार के उचित प्रयोगवाले शब्द छाँटकर लिखिए- 1
(i) चंचल (ii) वीरांगना (iii) कहा (iv) पडितं
(ग) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर लगे अनुनासिक चिह्नों के प्रयोगवाले शब्द छाँटिए-2
(i) वस्तुएँ (ii) आँख (iii) गगाँ (iv) दिनार्को
(घ) निम्न शब्दों में उचित स्थान पर लगे नुक्तों के प्रयोगवाले शब्द लिखिए-2
(i) शराफ़त (ii) चीजें (iii) काफिला (iv) चीजें

4. (क) निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग व मूल शब्द को अलग-अलग कीजिए-2
(i) अनाधिकार (ii) प्रत्यक्ष
(ख) निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त प्रत्यय व मूलशब्द को अलग-अलग कीजिए-2
(i) खटास (ii) पंजाबी

5. (क) निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए-2
(i) सचिवालय (ii) महाशय
(ख) निम्नलिखित शब्दों में संधि कीजिए-2
(i) वयः + वृद्ध (ii) वधू + ऊर्मि।
(ग) निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाकर लिखिए-3
(i) देखा मैंने हाथ पाँव मारे तोडूब ने से बच गया
(ii) भई वाह इस बार तो तुम बीएससी में प्रथम आ गए
(iii) क्या पियोगे चाय या ठंडा शरबत

खण्ड'ग' :पाठ्यपुस्तक व पूरक पाठ्यपुस्तक
6. निम्नलिखित प्रश्नों के उ तर दीजिए-6
(क) गाँधीजीसे 'यंगइण्डिया' के सम्पादक बनने की प्रार्थना क्यों की गयी थी?
(ख)गीत अगीत की सुन्दरता का वर्णन कीजिए।
(ग) खुशबू रचते हैं हाथ कैसी परीस्तिथि मे तथा कहाँ – कहाँ रहते थे?

7. इस कहानी (दुःखकाअधिकार) में लेखक ने हमारी किन कुरीतियों और कुसंस्कारों की ओर संकेत किया है?-5

अथवा

"देश और दुनिया को मुग्धकर के शुक्रतारे की तरह अचानक अस्त हो ग ए।" का आशय स्पष्ट कीजिए।

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तरदीजिए- 6
(क) नए बसते इलाके में कवि रास्ता क्यों भूल जाता है?
(ख) रहीम ने सागर जल की अपेक्षा पंकजल को धन्य क्यों कहा है?
(ग) एक को साधने का क्या अर्थ है? रहीम के दोहे के अनुसार लिखिये।

9. 'खूशबू रचते हैं हाथ' कविता को लिखने का मुख्य उद्देश्य क्या है? -5
10. "मैं चलता हूँ अब आपकी बारी है" सरदार पटेल के इस कथन का पाठ के सन्दर्भ में आशय स्पष्ट कीजिए। -5

अथवा

लेखक को दयानंद के जीवन की कौन-सी घटनाएँ रोमांचक लगती थीं?
खण्ड'घ' :लेखन
11. दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-5
(क) प्रात:कालीन भ्रमण
(i) सैरकर नाशारीरिक व मानसिक रूप से स्वास्थ्यवर्धक
(ii) पेड़-पौधों द्वारा शुद्ध वायुप्राप्त (ऑक्सीजन) प्राप्त होना
(iii) भ्रमण द्वारा कई बीमारियाँ दूर होना
(iv) प्रकृति की सुंदरता को महसूस करना
(ख) परीक्षा के कठिन दिन
(i) परीक्षा-सुन्दर भी, कठिन भी
(ii) परीक्षार्थी के योग्यता स्तर की जाँच करने वाला प्रत्यक्ष प्रमाण
(iii) समय का सदुपयोग करना
(iv) लक्ष्य की प्राप्ति
(ग) मेट्रोरेल-महानगरीय जीवन का सुख दस पना
(i) यातायात व्यवस्था में क्रांति
(ii) मेट्रो रेल का विस्तार
(iii) भारत का विश्वस्तरीय पब्लिक सिस्टम

12. नवीं कक्षा में हिन्दी विषय के चयन के कारणों तथा आज के युग में हिन्दी की उपयोगिता बताते हुए विदेश में रहने वाले मित्र को पत्र लिखिए। 5

अथवा

अपनी बुआजी को पत्र लिखकर पिताजी के स्वास्थ्य सुधार की सूचना दीजिए।

13. दिए गए चित्र को देखिए और उसका वर्णन 20-30 शब्दों में कीजिए। 5



14. भारत में बढ़ते भ्रष्टाचार पर दो मित्रों में संवाद को 50 शब्दों में लिखिए। 5

15. आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित घर किराए पर देने के लिए विज्ञापन तैयार  कीजिए।5